Regarding need to lay underground electric cables in the surroundings of Parkota in Jaipur Parliamentary Constituency-laid

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर, राजस्थान की राजधानी है जिसका चयन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 में शुरू किए गए स्मार्ट सिटी मिशन के प्रथम चरण में किया गया था । स्मार्ट सिटी योजना के तहत जयपुर में अनेक प्रकार के विकास कार्य हुए हैं । जयपुर शहर का परकोटा जो कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, यहां कई स्मारक एवं पर्यटन स्थल और धार्मिक स्थल स्थित है जिन्हें देखने लाखों पर्यटक देश-विदेश से जयपुर आते हैं । परकोटे में जगह-जगह पर बिजली के तारों के जाल झूल रहे हैं । जिससे आमजन की सुरक्षा को तो खतरा है साथ ही राज्य की राजधानी जयपुर का सौंदर्य भी खराब हो रहा है । स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पहले भी बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने का कार्य शुरू किया गया था पर आज तक कार्य पूरा नहीं होने से असुविधा एवं सौन्दर्यता को दृष्टिगत रखते हुये पर्यटन पर इसका अच्छा प्रभाव नहीं पड़ता है । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत जयपुर शहर के परकोटे में बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करवाने का श्रम करावें ।